उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, गुरुवार, 10 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

# ट्यूमर से जंग, रोबोटिक सर्जरी से जीत: 14 वर्षीय आदर्श को मैक्स वैशाली में मिला नया जीवन।




संवाददाता अश्वनी गौतम महाराष्ट्र के पुणे के निकट ग्रामीण क्षेत्र से आए 14 वर्षीय आदर्श के लिए मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली में की गई दुर्लभ रोबोटिक थायरॉयड सर्जरी नई उम्मीद लेकर आई। आदर्श थायरॉयड ग्लैंड में ट्यूमर की समस्या से जूझ रहा था और उसके उपचार के लिए सर्जरी आवश्यक थी। कम उम्र होने के कारण परिवार की एक बड़ी चिंता सर्जरी के बाद गर्दन पर पड़ने वाला स्थायी निशान भी था।मरीज की उम्र और स्थिति को ध्यान में रखते हुए मैक्स वैशाली की वरिष्ठ सर्जिकल एवं रोबोटिक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सीमा सिंह के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने अत्याधुनिक रोबोटिक ट्रांसएक्सिलरी तकनीक का इस्तेमाल किया। इस प्रक्रिया में बगल के रास्ते से थायरॉयड तक पहुंच बनाकर ट्यूमर को सुरक्षित रूप से हटाया गया, जिससे गर्दन पर बाहरी चीरा लगाने से बचा जा सका।सर्जरी के बाद आदर्श की स्थिति स्थिर रही और उसकी रिकवरी संतोषजनक रही। परिवार के लिए यह उपचार केवल बीमारी से राहत ही नहीं, बल्कि आदर्श के आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एक नज़र में

राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ के छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग उठाई।

सुप्रीम कोर्ट के तेज तर्रार एड डा ए.पी. सिंह बनाए गए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ के छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग उठाई।



संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़। राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, अलीगढ़ के समस्त छात्रों ने सरकार से चिकित्सकीय प्रशिक्षण के दौरान दिए जाने वाले स्टाइपेंड को ₹7,500 से बढ़ाकर ₹25,000 प्रतिमाह किए जाने की मांग की है।छात्रों का कहना है कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, आवास, भोजन, यात्रा, अध्ययन सामग्री एवं अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं के खर्च को देखते हुए वर्तमान स्टाइपेंड पर्याप्त नहीं है। मेडिकल शिक्षा एवं प्रशिक्षण के दौरान छात्र नियमित रूप से अस्पताल में अपनी सेवाएं एवं शैक्षणिक दायित्व निभाते हैं, इसलिए उन्हें सम्मानजनक स्टाइपेंड दिया जाना आवश्यक है।

देश

## सुप्रीम कोर्ट के तेज तर्रार एड डा ए.पी. सिंह बनाए गए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक।



संवाददाता हर्ष राठी जवां (अलीगढ़):पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा संघ (रजि.) ने संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों को और अधिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संघ के अध्यक्ष माननीय श्री कौशल कुमार जी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह जी को संगठन का राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किया गया है।डॉ. ए.पी. सिंह जी के राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विधिक अनुभव एवं मार्गदर्शन से पत्रकारों से जुड़े अधिकारों और समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में संगठन को महत्वपूर्ण सहयोग मिलने की उम्मीद है। उनके राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में जुड़ने से संगठन के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों में उत्साह का माहौल है।